सांवरे की कृपा | By Sunil Sarvottam

सांवरे की किरपा जिनपे हुई है
मेरे संग मिलके बोलो एक बार
बाबा हारे के सहारे तेरी जय जयकार

सारे बिगड़े काम बनावे ऐसा वो वरदानी
तीन बाणधारी और नीला घोडा है उसकी निशानी
सबकी झोली भरता है वो लखदातार
बाबा हारे के सहारे तेरी जय जयकार

जिसने जो भी माँगा बाबा उसको वो ही देता है
सच्चे मन से श्याम धणी का नाम जो भी लेता है
उनके घर में रखता बाबा भरे भण्डार
बाबा हारे के सहारे तेरी जय जयकार

बड़ी निराली कथा श्याम की बड़े निराले काम हैं
हर दिन मेले जैसा लागे ऐसा खाटू धाम है
गम के मारो का यहाँ पे होता बेडा पार
बाबा हारे के सहारे तेरी जय जयकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/